प्रेस नोट थाना कोतवाली जनपद गोरखपुर दिनांक 12.09.2023

हत्या के अभियोग में फरार चल रहे शातिर वारंटी को गिरफ्तार किया गया

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के संबंध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, व पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कोतवाली के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली के नेतृत्व में उ0नि0 सुनील कुमार सिंह मय टीम द्वारा मा0 न्यायालय श्रीमान अपर जिला एंव सत्र न्यायधीश कोर्ट नं0-06 गोरखपुर द्वारा निर्गत NBW एसटी नं0 240/08 मु0अ0सं0 40/07 धारा 147,148,149,298,302 भा0द0सं0 थाना कोतवाली गोरखपुर से संबंधित वारंटी अभियुक्त मो0 शमीम पुत्र शफीक उल्लाह निवासी निजामपुर थाना तिवारीपुर जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही का जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण – दिनांक 27.01.2007 को वादी मुकदमा द्वारा थाना स्थानीय सूचना दिया गया कि एक मिनारा मंजिद नसीराबाद थाना क्षेत्र कोतवाली के पास अभियुक्त मो0 शमीम पुत्र शफीक उल्लाह निवासी निजामपुर थाना तिवारीपुर जनपद गोरखपुर द्वारा अपने अन्य साथियो के साथ एक राय होकर धर्म सूचक गालिया देते हुए मारपीट किया गया जिससे राजकुमार अग्रहरी घायल हो गये तथा उन्हे बीआरडी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया जहां उनकी मृत्यु हो गयी। उक्त सूचना के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत कर अभियुक्त मो0 शमीम उपरोक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। अभियुक्त मो0 शमीम उपरोक्त द्वारा दिनांक 16.08.2007 को मा0 न्यायालय से अपनी जमानत करा लिया गया था। जमानत कराने के उपरान्त अभियुक्त मा0 न्यायालय के समक्ष उपस्थित हुआ और लगातार फरार चल रहा था। जिसके सम्बन्ध में मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध NBW जारी किया गया था। मा0 न्यायालय श्रीमान अपर जिला एंव सत्र न्यायधीश कोर्ट नं0-06 गोरखपुर द्वारा निर्गत किये गये NBW में अभियुक्त मो0 शमीम उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि उपरोक्त मुकदमे में अन्य अभियुक्तगण को वर्ष 2012 में मा0 न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया जा चुका है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता -

वारंटी मो0 शमीम पुत्र शफीक उल्लाह निवासी निजामपुर थाना तिवारीपुर जनपद गोरखपुर

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण –

NBW एसटी नं0 240/08 मु0अ0सं0 40/07 धारा 147,148,149,298,302 भा0द0सं0 थाना कोतवाली गोरखपुर

गिरफ्तारी में शामिल टीम-

1. उ0नि0 सुनील कुमार सिंह थाना कोतवाली गोरखपुर
2. हे0कां0 अरविन्द यादव थाना कोतवाली गोरखपुर
3. कां0 मिथिलेश यादव थाना कोतवाली गोरखपुर